दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

•डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रकाशित•

•न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 52 • मुंबई,गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • निःशुल्क •

## अब न्याय की देवी खुली आँखों से देख सकेगी, न्याय की देवी की आखों की पट्टी हटी




**नई दिल्ली ।** भारतीय न्यायपालिका ने ब्रिटिश एरा को पीछे छोड़ते हुए नया रंग-रूप अपनाना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ना केवल प्रतीक बदला है बल्कि सालों से न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी भी हट गई है। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया है कि अब कानून अंधा नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर न्याय की देवी में बदलाव कर दिया गया है। ऐसी ही स्टैच्यू सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। जो पहले न्याय की देवी की मूर्ति होती थी। उसमें उनकी दोनों आंखों पर पट्टी बंधी होती थी। साथ ही एक हाथ में तराजू जबकि दूसरे में सजा देने की प्रतीक तलवार होती थी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का मानना था कि अंग्रेजी विरासत से अब आगे निकलना चाहिए। कानून कभी अंधा नहीं होता। वो सबको समान रूप से देखता है। इसलिए न्याय की देवी का स्वरूप बदला जाना चाहिए। साथ ही देवी के एक हाथ में तलवार नहीं, बल्कि संविधान होना चाहिए; जिससे समाज में ये संदेश जाए कि वो संविधान के अनुसार न्याय करती हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सीजेआई चंद्रचूड़ के निर्देशों पर न्याय की देवी की मूर्ति को नए सिरे से बनवाया गया। सबसे पहले एक बड़ी मूर्ति जजेज लाइब्रेरी में स्थापित की गई है। यहां न्याय की देवी की आंखें खुली हैं और कोई पट्टी नहीं है, जबकि बाएं हाथ में तलवार की जगह संविधान है। दाएं हाथ में पहले की तरह तराजू ही है।

न्याय की देवी की वास्तव में यूनान की प्राचीन देवी हैं, जिन्हें न्याय का प्रतीक कहा जाता है। इनका नाम जस्टिया है। इनके नाम से जस्टिस शब्द बना था। इनके आंखों पर जो पट्टी बंधी रहती है, उसका भी गहरा मतलब है। आंखों पर पट्टी बंधे होने का मतलब है कि न्याय की देवी हमेशा निष्पक्ष होकर न्याय करेंगी। किसी को देखकर न्याय करना एक पक्ष में जा सकता है। इसलिए इन्होंने आंखों पर पट्टी बांधी थी।

यूनान से ये मूर्ति ब्रिटिश पहुंची। 17वीं शताब्दी में पहली बार इसे एक अंग्रेज अफसर भारत लेकर आए थे। ये अंग्रेज अफसर एक न्यायालय अधिकारी थे। ब्रिटिश काल में 18वीं शताब्दी के दौरान न्याय की देवी की मूर्ति का सार्वजनिक इस्तेमाल किया गया। बाद में जब देश आजाद हुआ, तो तत्कालीन सरकार ने भी न्याय की देवी को स्वीकार किया।

## बड़गांव के पालड़ी क्षेत्र में दिखा पैंथर,पिंजरा लगाने की मांग


पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** बड़गांव ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंगोरा बस्ती, पालड़ी में पैंथर नजर आने से लोगों में भय पैदा हो गया है। गोगुंदा क्षेत्र में कई दिनों से पैंथर की दहशत फैलने के बाद बड़गांव क्षेत्र में भी पैंथर की आहट नजर आने पर जनप्रनिधियों ने पिंजरा लगाने की मांग की है।

बड़गांव पंचायत के पालड़ी क्षेत्र में बीती रात अंगोरा बस्ती के पास पैंथर आया और गाय के बछड़े को मार दिया। यहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने पैंथर के इस मूवमेंट को मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। बड़गांव सरपंच संजय शर्मा बुधवार सुबह मौके पर पहुंचे और वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाने की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास ने समय रहते पिंजरा लगाने की मांग की है ताकी पालड़ी क्षेत्र में पैंथर द्वारा किसी इंसान पर हमला करने की घटना घटित होने की संभावना नहीं रहे। जिस जगह पैंथर ने गाय के बछड़े का शिकार किया है वह आबादी क्षेत्र है इसलिए लोगों की चिंता ज्यादा बढ़ गई है।

## राजनाथ-योगी और आडवाणी समेत 9 नेताओं की सुरक्षा से हटेंगे एनएसजी कमांडो



**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) को वीआईपी सिक्योरिटी से हटाने का अहम फैसला बुधवार को लिया है। इन कमांडोज की जगह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीअरपीएम) के जवान लेंगे। यह आदेश अगले माह से लागू हो जाएगा। देश में मौजूदा समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व लाल कृष्ण आडवाणी समेत 9 ऐसे नेता हैं, जिन्हें सिक्योरिटी के तौर पर एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो मिले हुए हैं।

केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए एनएसजी कमांडो को वीआईपी सुरक्षा से हटाते हुए उनकी जगह सीआरपीएफ जवानों को लगाया जाएगा। पार्लियामेंट की सुरक्षा में लगे रिटायर्ड सीआरपीएफ जवानों को स्पेशल ट्रेनिंग देकर वीआईपी सिक्योरिटी विंग में भेजा गया है। इसके लिए बनाई गई नई बटालियन की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद वीआईपी सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। यहां बताते चलें कि सीआरपीएफ के पास पहले से ही 6 वीआईपी सिक्योरिटी बटालियन मौजूद हैं।

इन्हें मिले हैं एनएसजी कमांडो

फिलहाल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, एनसी नेता फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में एनएसजी कमांडों तैनात हैं। केंद्र के नए आदेश के बाद इनके पास से ये कमांडो हटा लिए जाएंगे।

## जीवन जीरो से शुरू हुआ था, जीरो पर पूरा होगा, हीरो बनकर जाना है तो साुध बन जाओ - आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर

### आयड़ जैन तीर्थ में अनवरत बह रही धर्म ज्ञान की गंगा

### नवपद ओली के आठवें दिन हुए विविध आयोजन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चातुर्मास काल के दौरान महाभारत पर प्रतिदिन प्रवचन दिए जा रहे है। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि बुधवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे संतों के सानिध्य में ज्ञान भक्ति एवं ज्ञान पूजा, अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। वहीं नो दिवसीय नवपद की आयंबिल ओली सामूहिक आयोजन हो रहा है। नाहर ने बताया कि 30 व 31 अक्टूबर को आयड़ तीर्थ में श्री भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक महोत्सव का आयोजन होगा और 1 नवम्बर को सामूहिक पारणा कराया जाएगा। वहीं 29 से 31 अक्टूबर तक महावीर स्वामी की अंतिम देशना के विषय पर आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर द्वारा सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक विशेष प्रवचन होंगें। मंगलवार को आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने श्री नवपद की आराधना के आठवें दिन नवपद की आराधना के विषय में बताया कि आपने यहां जन्म लिया तब जीरो लेकर आए थे और अंतिम सांस लोगे तब भी जीरो पर आकर जाना पड़ेगा। यहां के भोग-लोभ-राग - लालच, अधिकार, एश्वर्य यहां पर ही रहा जाएगा। यदि हीरो बनकर जाना है तो जैन दीक्षा ले लो। आयड़ तीर्थ में 90 तपस्वी नवपद की आयंबिल ओली का सामूहिक तप कर रहे है। नवपद ओली के लाभार्थी



मनोहलाल, कंचनदेवी, नरेन्द्र कुमार, स्नेहलता, गौरव, मीनल, क्यारा, महेन्द्र अमिता सिंघवी परिवार एवं निर्मला देवी, डॉ. हेमंत-दिव्या, डॉ. शरद-डॉ सीमा, राज, फेया, हरित कोठारी परिवार थे। चातुर्मास समिति के अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्याध्यक्ष भोपालसिंह परमार, कुलदीप नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, अंकुर मुर्डिया, बिट्टू खाब्या, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या सहित सैकड़ों श्रावक--श्राविकाएं मौजूद रहे।

## धर्म के मार्ग पर चलकर मोक्ष मार्ग को आसानी से पाया जा सकता है - बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी

### मुनिश्री का पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट सहित हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

### गमेर बाग धाम में चातुर्मासिक धर्मसभा में उमड़ रहा है सकल दिगम्बर जैन समाज

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** गोवर्धन विलास हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित गमेर बाग धाम में श्री दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणधराचार्य कुंथुसागर गुरुदेव के शिष्य बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुल्लक सुप्रभात सागर महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन वर्षावास के आयोजन की धूम जारी है।



सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, महामंत्री सुरेश पद्मावत व चातुर्मास समिति के विजयलाल वेलावत व हेमेन्द्र वेलावत ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दौरान आयोजित धर्मसभा में बालयोगी युवा संत श्रुतधरनंदी महाराज ने कहा कि अगर तुम्हारी कोई बुराई कर रहा है तो वह तुम्हारी आंखे खोल रहा है आंखे खोल कर देखो झांक कर देखो इससे तुम्हारा जीवन बैहतर बनेगा अपने आप को सुधारो चुगली से प्रभावित होने की जगह चुगली के प्रति सतर्क रहने वाला ज्यादा सुखी रहता है हम लोगो का मुँह बन्द नहीं कर सकते लेकिन अपने व्यवहार और अपने आचरण पर नियंत्रण जरुर रख सकते है। हम ऐसा कोई कर्म ही न करे जिससे लोगो को कहने का मोका मिले और यदि कोई कहें भी तो हमारा कर्म अच्छा है तो हमे उससे प्रभावित होने की जरुरत नहीं है। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री ने अपने उद्बोधन में अपने मनुष्य धर्म के कर्तव्य और श्रेष्ठ श्रावक के दायित्व की पालना करते हुए आगम में बताए गए धर्म के मार्ग पर चलकर मोक्ष मार्ग को अपनाने हेतु मंगल आशीर्वाद प्रदान कर सबके कल्याण की भावना व्यक्त की।

इस अवसर पर अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, विजयलाल वेलावत, पुष्कर जैन भदावत, महावीर देवड़ा, दिनेश वेलावत, कमलेश वेलावत, भंवरलाल गदावत, रविश जैन, सुरेश पद्मावत, देवेन्द्र छाप्या, ऋषभ कुमार जैन, भंवरलाल देवड़ा, मंजु गदावत, लक्ष्मी देवड़ा, सीता देवड़ा, जयश्री देवड़ा, अल्का भदावत, लक्ष्मी सिंघवी, सुशीला वेलावत, बसन्ती वेलावत, भारती वेलावत, शिल्पा वेलावत, अल्पा वेलावत राजेश गदावत, विक्रमदेवड़ा, विजय गदावत, जितेंद्र जोलावत, भूपेन्द्र मुंडफोडा, रितेश बोहरा, नितिन कोठारी, लोकेश जोलावत, जीतेश बोहरा, राकेश पंचोली, कल्पेश मुंडलिया, लोकेश देवड़ा, मुकेश गदावत, जीतेश खलुडिया, दिलीप चावंडिया, विनोद गुनावत, रितेश गुनावत अभिषेक देवड़ा, सतीश जोलावत, सहित सकल जैन समाज के सैकड़ों श्रावक--श्राविकाएं मौजूद रहे।

## प्राकृतिक प्रेशर के साथ आएगा अजमेर के 50 हजार घरों में पानी - देवनानी

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** जलापूर्ति के लिहाज से अंतिम छोर पर होने की परेशानी झेलने वाली अजमेर उत्तर की करीब 2 लाख आबादी शीघ्र ही एक सुखद एवं बड़े बदलाव की साक्षी बनने जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के निर्देश के बाद अजमेर विकास प्राधिकरण ने विवेकानंद स्मारक के पास ऊंचाई पर कोटड़ा सर्विस रिजर्वायर के लिए भूमि आवंटित कर दी है। यहां 13.5 करोड़ की लागत से 30 मिलियन लीटर क्षमता का एस. आर. टैंक बनेगा।

राज्य सरकार ने बजट घोषणा में अजमेर शहर की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए 270 करोड़ रूपए की योजनाएं स्वीकृत की थी।

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निरंतर बैठकें ली और विभिन्न विभागों से संबंधित कामकाज को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों की पालना में अजमेर विकास प्राधिकरण ने विवेकानंद स्मारक के पास पहाड़ी पर सर्विस रिजर्वायर के लिए भूमि आवंटित कर दी है। जलदाय विभाग शीघ्र ही भूमि का कब्जा लेकर एस.आर. टैंक निर्माण की कार्यवाही शुरू करेगा।

श्री देवनानी ने बताया कि रिजवार्यर के लिए आवंटित भूमि काफी उंचाई पर है। इसके निर्माण से अजमेर के हरिभाऊ उपाध्याय नगर, बी. के. कॉल नगर, पुष्कर रोड, पत्रकार कालोनी, महाराणा प्रताप नगर, रामनगर, गणपति नगर, वैशाली नगर और आसपास के क्षेत्रों के करीब 50 हजार घरों तक पूरे प्रेशर से जलापूर्ति होगी। वर्तमान में चयनित भूमि आनासागर झील के लेवल से काफी ऊंची है। पहाड़ी भी है और उसके भी ऊपर करीब 9 मीटर उंचाई का एस.आर. बनेगा यानि प्राकृतिक रूप से ही एस.आर. काफी ऊंचाई पर होगा। इतनी उंचाई से पानी सप्लाई होने पर पम्पिंग के लिए ज्यादा बिजली की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस टैंक तक पानी की सप्लाई नसीराबाद से विशेष रूप से डाली जा रही पाइप लाइन से होगी। यह पाइप लाइन बीसलपुर से आ रही मेनलाईन से कनेक्टेड होगी यानि अजमेर उत्तर के अंतिम छोर तक पानी सीधा आएगा। कोटड़ा एस.आर. में पानी की उपलब्धता सदैव बनी रहेगी। इसका फायदा यह होगा कि शहर में पानी की आपूर्ति का समय अंतराल घटने या बढ़ने की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने बजट में अजमेर की पेयजल समस्या के समाधान के लिए 270 करोड़ रूपए की योजनाएं स्वीकृत की हैं। इस राशि से अजमेर में नसीराबाद से नौसर कोटड़ा तक पाइप लाइन और कोटड़ा, पृथ्वीराज नगर एवं लोहागल में सर्विस रिजर्वायर बनाए जाने हैं।

## समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाना संगठन का मुख्य ध्येय - आकाश बागड़ी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को सूरजपोल स्थित कार्यालय में श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाना संगठन का मुख्य ध्येय है। तथा समाज में फैली कुरूतियों को समाप्त करना श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन का मुख्य कार्य है। बागड़ी ने बताया कि संगठन की ओर से समाज में कुरीतियों को खत्म करने के लिए कठोर पहल की जा रही है। हमने दहेज प्रथा खत्म करने और शादी में केवल पांच तोला सोना ही देने को लेकर निर्णय किए हैं जिसका सभी ने स्वागत किया है। संगठन की ओर से एक अच्छी मुहिम चल रही है जिसमें हम घर तोडने नहीं, घर जोडने का काम कर रहे हैं। जहां कहीं भी हमें परिवार में आपसी मनमुटाव का पता चलता हैं तो संगठन के पदाधिकारी वहां जाजम पर बैठकर आपस में सौहार्द्रपूर्ण निपटारा करवा रहे हैं। अब तक ऐसे कई परिवारों और दंपती का संगठन के पदाधिकारियों ने घर जोडा है। श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन का मुख्य लक्ष्य है कि समाज को शिक्षा में आगे बढ़ाना, समाज में युवाओं को रोजगार में मदद करना, सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना, समाज में असहाय, गरीबों को आगे बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी देने के साथ कई प्रकार के सरकारी लाभ एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दे रहे है। समाज में व्याप्त कुरीतियों के बारे में बताते हुए उन्हें बंद करने की अपील की। इस अवसर पर संस्थानप जय निमावत, राष्ट्रीय महासचिव पीसी चावल, राष्ट्रीय महामंत्री पूरण चौहान, देहात जिलाध्यक्ष केसुलाल खटीक, प्रभुलाल सामरिया व जिला उपाध्यक्ष राहुल बागड़ी आदि मौजूद।

## पुलिस थाना बगरु की बडी कार्यवाही मोबाईल स्नैचिंग की वारदात का खुलासा

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि 14 अक्टूबर को उदेश कुमार ने बगरु थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर की रात मंगला सरिया के पास दो लड़कों ने उनका हक्षक्ष मोबाइल और जिओ सिम छीन लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आलोक सिंघल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने साक्ष्य जुटाकर आरोपी गौतम हरिजन को गिरफ्तार किया, उसके पास से छिना गया मोबाइल और बिना दस्तावेज के छह अन्य मोबाइल बरामद किए गए। एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक को भी निरुद्ध किया गया है।कांस्टेबल रामेश्वर लाल ने वारदात का खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## नागौर जिले में थाना मेड़तारोड़ पुलिस की कार्रवाई

## नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म मामले में आरोपी मुकेश गिरफ्तार

# आरोपी को कस्बा मेड़तारोड़ से किया दस्तयाब



पदमावत मीडिया

**जयपुर/नागौर।** नागौर जिले की मेड़ता रोड थाना पुलिस की टीम ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश वाल्मिकी पुत्र पप्पुराम (30) निवासी हरिजनों का बास, रिया बड़ी थाना पादूकलां जिला नागौर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा कर ले गया तथा दुष्कर्म किया।

एसपी नारायण टोगस ने बताया कि महिला अत्याचार के अपराधों की रोकथाम में प्रभावी कार्रवाई के लिये दिये गये निर्देशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व सीओ रामकरण सिंह के सुपरविजन में एसएचओ राधाकिशन मीणा मय टीम द्वारा आरोपी मुकेश को मेड़ता रोड कस्बे से गिरफ्तार किया गया।

एसपी टोगस ने बताया कि 20 सितम्बर थाना मेड़ता रोड क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग बेटी 23 जनवरी, 2024 की रात 8 बजे बिना बताये कहीं चली गई थी तथा 18 सितम्बर की शाम 6 बजे वापिस आई। जिसने उन्हें बताया कि मुकेश मुझे जबरदस्ती डरा--धमका कर अपहरण कर ले गया व मेरे साथ दुष्कर्म किया। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

एसएचओ मेड़ता रोड राधाकिशन मीणा मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकेश वाल्मिकी को गिरफ्तार किया गया। जिससे प्रकरण में अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में एसएचओ राधाकिशन मीणा, कांस्टेबल राजु राम, रवि कुमार, महिला कांस्टेबल सरोज एवं कांस्टेबल चालक भागीरथ की विशेष भूमिका रही।

## कम्यूनिटी पुलिसिंग में राजस्थान को राष्ट्रीय पुरस्कार

## नवाचार के लिए आईपीएस पंकज चौधरी हुए सम्मानित

पदमावत मीडिया




**जयपुर ।** राजस्थान काडर के आईपीएस अधिकारी पंकज चौधरी की लीडरशिप में कम्यूनिटी पुलिसिंग को आज राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। दिल्ली के होटल पुलमैन में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह में आईपीएस पंकज चौधरी को कम्यूनिटी पुलिसिंग में नवाचार एवं उम्दा कार्यों के लिए डूइंग गुड फॉर भारत अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

कम्युनिटी पुलिसिंग के एसपी पंकज चौधरी को यह सम्मान शासन और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से उम्दा परफॉर्मेंस के लिए दिया गया है। इंडिया सीएसआर एंड ईएसजी समिट 2024 के अवसर पर राजस्थान में कम्यूनिटी पुलिसिंग के कार्यों की सराहना और सम्मान करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नवाजा गया। सीएसआर एंड ईएसजी शिखर सम्मेलन के इस 11वें संस्करण में देशभर से चुनिंदा श्रेष्ठ कार्यों को मुकाम देने वाली अन्य हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पद्मश्री एवं ढोलकिया फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवाजी ढोलकिया, केंद्रीय राज्यमंत्री कॉरपोरेट अफेयर्स हर्ष मल्होत्रा, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, उत्तरप्रदेश के सामाजिक न्याय राज्यमंत्री असीम अरुण समेत कर्नाटक के चिकित्सा मंत्री दिनेश गुण्डु राव ने ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर एसपी चौधरी को सम्मानित किया।

इस सम्मान समारोह में आईपीएस पंकज चौधरी के साथ एडीजीपी मध्यप्रदेश डॉ. वरुण कपूर, अडाणी फाउंडेशन, हुंडई मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई लाइफ, सनोफी इंडिया, एचडीएफसी बैंक, जेनपैक्ट इंडिया, कैपजैमिनी टेक्नोलॉजी सरीखी देश की बड़ी कंपनियों के उम्दा प्रयासों को भी सम्मानित किया गया।

## धोलापानी में नाकाबंदी के दौरान 1 किलो 320 ग्राम अवैध अफीम जब्त, एक गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल और पुलिस उप अधीक्षक छोटीसादड़ी गोपाललाल हिण्डोनिया के मार्गदर्शन में थानाधिकारी रविन्द्र पाटीदार ने 16 अक्टूबर 2024 को नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल चालक से 1 किलो 320 ग्राम अवैध अफीम जब्त की।

नाकाबंदी के दौरान, एक सुपर स्पेलण्डर मोटरसाइकिल को संदिग्ध गतिविधियों के कारण रोका गया। पुलिस ने जब चालक से उसके व्यवहार और बैग के बारे में सवाल किया, तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जांच में मोटरसाइकिल के एयर फिल्टर में छिपाई गई अफीम मिली।

अभियुक्त, कमलेश पाटीदार (37 वर्ष), निवासी तोपाखेडा, थाना रठाजना, जिला प्रतापगढ़, के पास अवैध अफीम का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। इस पर थाना धोलापानी पर प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस टीम में रविन्द्र कुमार पाटीदार, उपनिरीक्षक,भंवर सिंह, सहउपनिरीक्षक,कमलाशंकर, सहउपनिरीक्षक,शिवशंकर, हेड कांस्टेबल,देवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल, रामलाल, कांस्टेबल, सौरभ पाटीदार, चालक कांस्टेबल, श्रवण कुमार, हेड कांस्टेबल,मनीश, कांस्टेबल, संदीप, कांस्टेबल, रमेश, कांस्टेबल, साइबर सेल, प्रतापगढ़ शामिल रहे...

## स्वरूप सागर झील की स्थिति पर यशवर्धन राणावत का कलेक्टर को पत्र, दयनीय स्थिति पर जताई चिंता

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** बीसीआई टूरिज्म के चार्टर प्रेसिडेंट और होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष, यशवर्धन राणावत ने बुधवार को जिला कलेक्टर महोदय को एक पत्र लिखकर स्वरूप सागर झील की बिगड़ती स्थिति पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। राणावत ने बुधवार को झील का दौरा किया और वहां की स्थिति को उजागर करने वाली तस्वीरें साझा कीं, जो जल की गुणवत्ता में आई गंभीर गिरावट को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं।

स्वरूप सागर झील, जो उदयपुर की प्रमुख जल संरचनाओं झील पिछोला और फतेह सागर से जुड़ी हुई है, शहर की पेयजल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। श्री राणावत ने कलेक्टर को लिखे पत्र में झील के खराब होते हालात को उदयपुर की जल आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में बताया। उन्होंने इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश और उपायों की मांग की है।

बीसीआई संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि झील की स्थिति पर ध्यान आकर्षित करने के लिए होटल एसोसिएशन उदयपुर और बीसीआई टूरिज्म, सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर ठोस कदम उठाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने जनजागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। माधवानी ने यह भी कहा कि झील की स्थिति से न केवल जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि उदयपुर की जल आपूर्ति पर भी सीधा असर पड़ सकता है।

श्री राणावत के साथ बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी, अध्यक्ष विप्लव कुमार जैन और होटल एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह करोही ने भी झीलों की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने जिला प्रशासन से इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने और समाधान के लिए जरूरी कदम उठाने की अपील की है।



## शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सतत जारी है मतदाता जागरूकता गतिविधियां



पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** विधानसभा उप चुनाव 2024 अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में मतदाता जागरूकता गतिविधियां वृहद स्तर पर जारी हैं। स्कूल, कॉलेजों में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर नवमतदाताओं को आगामी 13 नवंबर को मतदानं करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है इसी क्रम में स्वीप गतिविधियों के तहत् बीएन कन्या महाविद्यालय सलूम्बर एवं सांवरिया महाविद्यालय में 'मैं भारत हूँ' गीत का सामूहिक गायन करवाया गया एवं आगामी विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं को मतदान हेतू जागरूक करने के लिए छात्रों को दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

## 25 हजार रुपये इनामी गुरुग्राम से गिरफ्तार - बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को पकड़ा

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्वाई



पदमावत मीडिया

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा लाखों रुपए की ठगी करने वाले शातिर ठग दीपक कुमार मीणा पुत्र लल्लू राम (34) निवासी गढवास कोहरा मलावली थाना लक्ष्मणगढ़ (जिला अलवर) को गुरुग्राम से डिटेन कर लिया। जिसे बाद में अग्रिम कार्रवाई के लिए टोंक जिले की बरौनी पुलिस को सौंपा गया। आरोपी पर टोंक एसपी द्वारा ₹25000 का इनाम घोषित है।

अतिरिक्त महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन ने बताया कि प्रदेश में सक्रिय गैंगस्टर हार्डकोर बदमाशों एवं लंबे समय से फरार चल रहे इनामी अपराधियों की धरपकड़ एवं आसूचना संकलन के लिए उप महानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में एजीटीएफ की टीमों को प्रदेश के अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। इसी क्रम में पुलिस निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह एवं उप निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मंगलवार को ₹25000 के इनामी दीपक मीणा को गुरुग्राम से डिटेन किया गया।

*फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर दो जनों से की थी 10.70 लाख की ठगी*

साल 2021 में परिवादी देवी शंकर कीर और विजय सिंह कीर निवासी मुख्तयार नगर थाना बरौनी टोंक ने एक रिपोर्ट थाना बरौनी पर दर्ज कराई कि दीपक कुमार मीणा, मनराज कीर व हंसराज कीर ने एफसीआई एवं भारतीय डाक विभाग में भर्ती कराने के नाम पर फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर 10 लाख 70 हजार रुपये अपने खाते में जमा करवा ठगी की है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर बरौनी पुलिस ने अनुसंधान के दौरान आरोपी मनराज व हंसराज निवासी मुख्त्यार नगर को गिरफ्तार कर लिया था। मुल्जिम दीपक मीणा प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया।

*काफी शातिर किस्म का है आरोपी दीपक मीणा*

प्रकरण दर्ज होने के बाद ही मुख्य अभियुक्त दीपक मीणा अपने निवास स्थान से फरार हो गया। फरारी के दौरान भी बेरोजगार युवको से अपनी टीम के माध्यम से ठगी का कार्य कर रहा था। मुल्जिम दीपक बहुत ही शातिर किस्म का है। वह ना तो अपने पास मोबाइल रखता है और ना ही किसी सोशल मीडिया का प्रयोग करता है। आरोपी अपने साथी सदस्य के मोबाइल से ही सोशल मीडिया एप काम में लेता है। किसी भी टीम मेंबर को अपने साथ 10 से 15 दिन से ज्यादा नही रखता है। गांव से भागने के बाद मुल्जिम दीपक गुड़गांव, दिल्ली, पटना, कानपुर व अन्य शहरों में टीम के सदस्यों के साथ रहने लगा।

*टीम द्वारा किए गए प्रयास*


दीपक मीणा शातिर किस्म का बदमाश है, मुल्जिम पिछले 2 साल से अपने गांव भी नहीं आ रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी टोंक द्वारा ₹25000 का इनाम घोषित किया गया। एजीटीएफ टीम द्वारा परंपरागत पुलिसिंग व मुखबिरों की सूचनाओं के आधार पर इसकी गुड़गांव, दिल्ली, कानपुर व पटना में तलाश की गई। तलाश के दौरान मंगलवार को एजीटीएफ टीम के हैड कांस्टेबल कमल डागर और हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक मीणा आज पालम विहार गुरुग्राम में किसी से मिलने आ रहा है। सूचना पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम के सदस्य कमल डागर, सुरेश कुमार व चालक श्रवण कुमार गुरुग्राम पहुंचे। जहां पर दीपक मीणा अपने टीम के किसी सदस्य से मिलने आया हुआ था, जिसे डिटेन किया जाकर पुलिस थाना बरौनी को सुपुर्द किया गया।

*तरीका वारदात*

बेरोजगार लोगों से ठगी करने के लिए इस गिरोह ने विभिन्न शहरों में नेटवर्क फैला रखा है। गिरोह के सदस्य जयपुर, दिल्ली, गुड़गांव, पटना, कानपुर व अन्य शहरों में रहकर वहां पर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बेरोजगार व कमजोर वर्ग के छात्रों को बहला फुसलाकर कर सरकारी जॉब दिलाने के बहाने से राजी कर रुपये प्राप्त कर उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर देते हैं। नौकरी ज्वाइन करने संबंधित विभाग के पास पहुंचने पर पीड़ित को ठगी का एहसास होता है।

इस कार्रवाई में एएजीटीएफ के हैड कांस्टेबल कमल डागर व सुरेश कुमार की मुख्य भूमिका, एएसआई शंकर दयाल शर्मा की तकनीकी भूमिका रही। उप निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम के हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, हैड कांस्टेबल रविंद्र सिंह, महावीर सिंह व नरेंद्र, कांस्टेबल नरेश एवं चालक श्रवण का सराहनीय सहयोग रहा।

# उदयपुर के दिलीप सिंह चौहान भारतीय ड्रैगन बोट टीम के चीफ कोच नियुक्त



पदमावत मीडिया

भारतीय कायाकिंग कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने बताया की अंतराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन द्वारा आयोजित चीन व फिलीपींस में होने वाली ड्रैगन बोट की (वर्ल्डकप) चीन (यीचान) में 23 से 27 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली अंतराष्ट्रीय ड्रेगन बॉट प्रतियोगिता तथा 28 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक फिलीपींस में आयोजित होने ड्रैगन बॉट वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने वाली दोनों भारतीय टीमो के लिए भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ ने उदयपुर के श्री दिलीप सिंह चौहान को भारतीय ड्रैगन बोट टीम का चीफ कोच नियुक्त किया गया है। वह अंतराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन के द्वारा चीन वह फिलिपिन्स मे आयोजित होने वाली तकनिकी कॉन्फ्रेंस मे भी ड्रैगन बोट वह कायाकिंग कैनोइंग खेल के विकास के मुद्दों पर भारतीय कायाकिंग कैनोइंग संघ की और से प्रतिनिधि के रूप दिलीप सिंह चौहान को मे नियुक्त किया गया है!

दिलीप सिंह चौहान राजस्थान में जलक्रीड़ा से संबंधित खेलो के जनक है तथा इनके मार्गदर्शन में राजस्थान के कई खिलाड़ी पूर्व में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर चुके है तथा कई खिलाड़ि राष्ट्रीय पदक विजेता है।

भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष श्री प्रशान्त कुशवाह ने बताया कि श्री दिलीप सिंह चौहान पूर्व में भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में भारतीय टीम के चीफ कोच की भूमिका सफलतापूर्वक निभा चुके है तथा पूर्व में भी करीब 5 बार विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम पदक जीत चुकी है जो कि उदयपुर व राजस्थान के लिए गौरव की बात है।

श्री दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि उक्त दोनों ड्रैगन बॉट की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में दुनिया भर से कई जानी मानी अंतरराष्ट्रीय टीमें आएगी जो पदक जीतने के लिए जी जान लगाएगी साथ ही श्री दिलीप सिंह जी चौहान ने बताया के भारतीय टीम का प्रैक्टिस कैम्प करीब 1 माह तक भोपाल, मध्यप्रदेश की लोवर लेक पर लगया गया था जिसमे सभी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की हार्ड ट्रेनिंग दी गई है तथा कोचिंग कैम्प के पश्चात् चीन मे आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप मे भारतीय टीम मे कुल 40 खिलाड़ियों का चयन उनकी शारीरिक क्षमता के आधार पर किया गया है वही फिलिपिन्स मे आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप मे 6जूनियर महिला86जूनियर पुरुष8 6सीनियर महिला86 सीनियर पुरुष8 टीम मे कुल 120 खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनकी तैयारियों को देखते हुए वह आस्वस्त है कि अबकी बार दोनों टीमें चीन व फिलीपींस में आयोजित होने वाली ड्रैगन बॉट की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर भारत का परचम सम्पूर्ण विश्व मे लहराएगी

दिलीप सिंह चौहान की इस उपलब्धि पर राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग संघ के सपूर्ण कार्यकारिणी कैनो स्प्रिंट चेयरमैन पियूष कच्छवाहा, राजस्थान कायाकिंग संघ के अध्यक्ष आर. के धाभाई, उपाध्यक्ष चंद्र गुप्त सिंह चौहान, संघ के उपाध्यक्ष भगवान स्वरुप वैष्णव, राजस्थान ड्रैगन बोट चैयरमेन अजय अग्रवाल, सालालोम चैयरमेन नवल सिंह चुण्डावत,कैनो पोलो चैयरमेन वीरम देव सिंह कृष्णावत,चैयरमेन तुषार मेहता, राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग कोच निश्चय सिंह चौहान, तकिनीकी सलाहकार दीपक गुप्ता, त्रिलोक वैष्णव राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग संघ के सभी अधिकारियो शुभकामनायें प्रेषित करी!

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में स्वर्ण पदक विजेता खोईवाल का सम्मान

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में पिछले वर्ष सीनियर नेशनल में स्वर्ण पदक विजेता सुरेश खोईवाल का सम्मान किया।

जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव सचिव हेमराज सोनवाल नें बताया कि पूर्व सीनियर नेशनल स्वर्ण पदक विजेता दिलीप भटनागर और के एल धाभाई नें खोईवाल को ऊपरना पहना कर सम्मान किया। साथ ही तीस वर्ष बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उदयपुर टीम नें कांस्य पदक प्राप्त करने पर उदयपुर टीम के खिलाड़ियों को संघ द्वारा ट्रेक सूट और मोमेंटो प्रदान किये गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक अजित कुमार जैन और गुरू वशिष्ठ प्राप्त प्रशिक्षक अशोक चौधरी, नरेश पालीवाल का भी पगड़ी पहना कर सम्मान किया गया। सोनवाल ने बताया कि फाइनल मैच संत श्री बाबूदास क्लब और एमबी स्पोर्ट्स क्लब के बीच रोमांचक मैच खेला गया जिसमे पांच सेटो में एमबी स्पोर्ट्स क्लब विजेता और श्री संत बाबूदास क्लब उपविजेता रही। कार्यक्रम में अतिथि समाजसेवी चंद्रगुप्त चौहान, रविंद्र श्रीमाली, वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष डीएन धाभाई, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष सुधीर बक्शी, खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, स्पोर्ट्स बोर्ड सेक्रेटरी भीमराज पटेल, डॉ दिपेन्द्र चौहान, राजस्थान वॉलीबॉल संघ के सहसचिव प्रभुलाल जाट, पार्षद अरुण टांक, समाजसेवी तुषार मेहता, देवीलाल पालीवाल, देवेंद्र साहू, प्रहलाद चौहान, मुकेश जैन, ललित सिंह सिसोदिया, भगवान स्वरुप वैष्णव, अजय मोगरा, ललित सिंह झाला, मदन राठौड़ आदि मौजूद रहें। महिला वर्ग में सेंट्रल एकेडमी उदयपुर विजेता एवं वाना क्लब उविजेता रही। सचिव सोनवाल ने बताया कि चयनित टीमे आगामी 24-27 अक्टूबर तक भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाड़ लेगी। अंत में कुंदन पंड्या नें आभार जताया।




## केन्द्रीय पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मन्त्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में किया उदयपुर के डॉ अभिनव पण्ड्या की शोध पुस्तक 'इनसाइड द टेरिफाइंग वर्ल्ड ऑफ जैश-ए-मोहम्मद' का विमोचन

पदमावत मीडिया

**नई दिल्ली। उदयपुर ।** केन्द्रीय पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मन्त्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार सायं नई दिल्ली के द एम्बेसेडर हॉटल में उसानास फाउण्डेशन उदयपुर (राजस्थान) के संस्थापक और सीईओ डॉ अभिनव पण्ड्या की श्रमसाध्य शोध पुस्तक 'इनसाइड द टेरिफाइंग वर्ल्ड ऑफ जैश-ए--मोहम्मद' का विमोचन किया।

इस अवसर पर दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल (एलजी) तेजेंद्र खन्ना, पूर्व राजदूत एवं जाने माने लेखक और साहित्यकार अनिल त्रिगुणायत, कई अनुभवी राजनयिक और शिक्षाविदों के साथ ही रक्षा प्रतिष्ठान के वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों का सबसे बड़ा मौलिक उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मैंने एक राजनयिक के रूप में अपने करियर के दौरान आतंकवादी समूहों द्वारा 'विचारधारा' के रूप में पेश की गई दोषपूर्ण कथाओं से बहुत शिद्दत के साथ निपटा है और हमेशा यह माना है कि आतंकवाद मानवाधिकारों के सिद्धान्तों के खिलाफ एक बड़ा अपराध हैं। पुरी ने कहा कि मुझे अत्यधिक ज्ञानवान दर्शकों की इस बड़ी सभा में शामिल होकर बहुत प्रसन्नता हुई है।

इस अवसर पर पुस्तक चर्चा सत्र में पूर्व उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल आर के साहनी, भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हुसैन,राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अतिरिक्त सचिव शिव मुरारी सहाय तथा डॉ अभिनव पण्ड्या ने पुस्तक के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

प्रारम्भ में उसानास फाउंडेशन की निदेशक डॉ अनीता जैन ने फाउंडेशन के उद्देश्यों की जानकारी दी और बताया कि जम्मू कश्मीर के राज्यपाल के सलाहकार रहें डॉ अभिनव पण्ड्या की पुस्तक का यह तीसरा संस्करण हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।